**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद, द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 8 (क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज तथा झाँसी मण्डल में बेसिक शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं ? | प्रयागराज मण्डल में प्राथमिक विद्यालय में 7149 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में 3761 तथा झांसी मण्डल में प्राथमिक विद्यालय में 4453 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में 2083 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। |
| (ख) उक्त रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने हेतु कोई कार्ययोजना है ? | उक्त रिक्त पदों को भरे जाने हेतु सम्प्रति कोई कार्ययोजना नहीं है। |
| (ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त कार्ययोजना का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | झांसी मण्डल में प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को सम्मिलित करते हुए शिक्षक छात्र अनुपात 1:27 है तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों व अनुदेशकों को सम्मिलित करते हुए शिक्षक छात्र अनुपात 1:26 है।<br>प्रयागराज मण्डल में प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को सम्मिलित करते हुए शिक्षक छात्र अनुपात 1:27 है तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों व अनुदेशकों को सम्मिलित करते हुए शिक्षक छात्र अनुपात 1:39 है।<br>उ0प्र0 बेसिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली-1981 (अद्यतन संशोधित) में निहित प्राविधानानुसार उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदों को शतप्रतिशत पदोन्नति से भरे जाने की व्यवस्था है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नति के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय में याचिका संख्या-36240/2015 तपेश्वर राम व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य विचाराधीन होने के कारण पदोन्नति प्रक्रिया लम्बित है। |

**संदीप सिंह**
**राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।**